कार्यालयः– सचिव, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्, रामनगर (नैनीताल)।

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 04 जनवरी, 2025 को उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् कार्यालय, रामनगर (नैनीताल) के सभागार सभापति, उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद् की अध्यक्षता में वर्ष 2025 की हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट परीक्षा कार्यक्रम के निर्धारण हेतु परीक्षा समिति की बैठक हुई। परीक्षा समिति द्वारा सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद, रामनगर (नैनीताल) द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट की सैद्धान्तिक परीक्षाएं दिनांक 21 फरवरी, 2025 से आरम्भ होकर 11 मार्च, 2025 को समाप्त होंगी। हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट 2025 की प्रयोगात्मक परीक्षाएं दिनांक 16 जनवरी, 2025 से 15 फरवरी, 2025 के मध्य सम्पादित की जायेगी। बैठक में परिषद् के सभापति डॉ0 एस0बी0 जोशी, सचिव श्री विनोद प्रसाद सिमल्टी, श्री अजय शंकर कौशिक एवं श्रीमती रजनी नेगी परीक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

ह0 / –

(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।

पत्रांकः–उ0वि0शि0प0 / सि0सेल / परी0 कार्य0–2025 / 1707 / 2024-25 दिनांकः– 04 जनवरी, 2025

प्रतिलिपिः सम्मानित संपादकः– दैनिक जागरण, अमर उजाला, हिन्दुस्तान, उत्तर उजाला, पंजाब केशरी, राष्ट्रीय सहारा, नवभारत टाइम्स को परीक्षा कार्यक्रम की प्रति इस आशय से प्रेषित कि छात्र हित को ध्यान में रखते हुए को अपने दैनिक समाचार पत्र के **उत्तराखण्ड संस्करण पृष्ठ पर परीक्षा कार्यक्रम निःशुल्क मुद्रित** करने का कष्ट करेंगे।

04/01/2025
(विनोद प्रसाद सिमल्टी)
सचिव
उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद्,
रामनगर (नैनीताल)।

System cell/ALL File 32023-2024letter/Letter 2023-24